www.sgbauonline.com

AU-2349

# M.A. (Part—I) Translation Hindi (Semester—II) Examination

## TRANSLATION HINDI

## Paper—3

## (Hindi Bhasha Tatha Sahitya Ka Swaroop Ewam Vikas)

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिये : 8×2=16

(1) सखि, बसन्त-से कहां गये वे,
मैं ऊष्मा-सी यहां रही।
मैंने ही क्या सहा, सभीने
मेरी बाधा-व्यथा सही।

(2) तब भी कहते हो—कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती !
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे—यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले—
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

(3) किन्तु हम हैं द्वीप।
हम धारा नहीं हैं।
स्थिर समर्पण है, हमारा हम सदा से द्वीप हैं स्रोत स्विनी के।
किन्तु हम बहते नहीं हैं क्योंकि बहना रेत होना है।
हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।
पैर उखडेगें, प्लावन होगा, ढहेंगे, सहेंगे, बह जायेंगे।
और फिर हम चूर्ण होकर भी कभी क्या धार बन सकते ?
रेत बनकर हम सलिल को तनिक गंदला ही करेंगे।
अनुपयोगी ही बनाएंगे।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिये : 16×2=32

(1) भक्तिकाल की युगीन परिस्थितियों का परिचय दीजिये।

(2) सूफी काव्य की प्रवृत्तियों को विश्लेषित कीजिये।

(3) निबंधकार के रूप में हजारी प्रसाद द्विवेदी के योगदान का मूल्यांकन कीजिये।

(4) आधुनिक हिंदी गद्य की प्रमुख प्रवृत्तियां रूपायित कीजिये।

(5) प्रयोगवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तिया सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिये : 4×4=16

(1) रीति मुक्त श्रृंगारी काव्य की सामान्य प्रवृत्तियां स्पष्ट कीजिये।

(2) उपन्यास के तत्वों का परिचय दीजिये।

(3) 'भारतेन्दु काल' को 'भारतेन्दु काल' क्यों कहा जाता है ?

(4) 'नदी के द्वीप' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिये।

(5) 'सूफी काव्य' मे निहित प्रेमभावना का वर्णन कीजिये।

(6) छायावादी युग की सामाजिक एव सांस्कृतिक दृष्टि का उल्लेख कीजिये।

(7) साठोत्तरी कहानी की विशेषताएं लिखिये।

(8) प्रगतिवादी काव्य की विशेषताएं कौनसी हैं ?

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशानुसार लिखिये : 16

(अ) योग्य पर्याय चुनिये :

(1) आलवार भक्त मूलत: किसको कहा गया है ?

(i) वैष्णवों (ii) शैवों

(iii) शाक्तों (iv) सिद्धों

(2) सूफी काव्य का प्रमुख तत्त्व इनमें से क्या है ?

(i) ज्ञान (ii) प्रेम

(iii) फना (iv) रूह



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(3) किस संत कवि का सबसे पहले अविर्भाव हुआ ?

(i) सूरदास (ii) जायसी

(iii) कबीर (iv) हरिदास निरंजनी

(4) अष्टछाप के कवियों की संख्या कितनी थी ?

(i) दस (ii) बारह

(iii) आठ (iv) चौदह

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

(5) रसखान के दीक्षा गुरु .............. थे। (गोस्वामी विठ्ठलनाथ, स्वामी हरिदास)

(6) 'भाषा योगवाशिष्ठ' के रचयिता का नाम ................ है। (रामप्रसाद निरंजनी, अबिकादत्त व्यास)

(7) 'लालचन्द्रिका' के रचयिता ............ है। (लल्लूलाल, सदल मिश्र)

(8) छायावाद की समय सीमा ......... मानी गई है। (1918-1936, 1930-1950)

(इ) एक वाक्य में उत्तर लिखिये :

(9) 'मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई' यह पंक्ति किसकी है ?

(10) रामचन्द्रिका के रचयिता का नाम बताइये।

(11) रहस्यवाद का संबंध ईश्वर के किस रूप से है ?

(12) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है ?

(ई) आरोही क्रमानुसार संयोजित कीजिये :

(13) निम्न उपन्यासों को आरोही कालक्रम में लगाइये :

(i) नूतन ब्रह्मचारी, चंद्रकांता, निस्सहाय हिन्दू, परीक्षा गुरु

(ii) परीक्षा गुरु, नूतन ब्रह्मचारी, निस्सहाय हिन्दू, चंद्रकांता

(iii) चंद्रकांता, नूतन ब्रह्मचारी, परीक्षा गुरु, निस्सहाय हिन्दू

(iv) परीक्षा गुरु, चंद्रकांता, नूतन ब्रह्मचारी, निस्सहाय हिन्दू



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(14) इन कहानियों को रचनाकाल के आरोही क्रम में लगाइये

(i) इन्दुमती, पंच परमेश्वर, पुरस्कार, तीर्थयात्रा

(ii) तीर्थयात्रा, इन्दुमती, पुरस्कार, पंच परमेश्वर

(iii) पंच परमेश्वर, पुरस्कार, तीर्थयात्रा, इन्दुमती

(iv) पुरस्कार, इन्दुमती, पंच परमेश्वर, तीर्थयात्रा

(15) निम्न लेखकों को आरोही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(i) भारतेन्दु, रामविलास शर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचंद्र शुक्ल

(ii) रामचंद्र शुक्ल, भारतेन्दु, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा

(iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा, रामचंद्र शुक्ल, भारतेन्दु

(iv) भारतेन्दु, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचंद्र शुक्ल, रामविलास शर्मा

(16) इन कवियों को काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(i) केशव, देव, घनानंद, पद्माकर

(ii) पद्माकर, घनानंद, देव, केशव

(iii) देव, केशव, पद्माकर, घनानंद

(iv) घनानंद, केशव, देव, पद्माकर



www.sgbauonline.com